## महत्वपूर्ण एवं खास

### ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 56 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने पर 30 प्रतिशत मुनाफा कमाने का झांसा देकर 56 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीरज कुमार वर्मा 44 वर्ष शिवविहार कालोनी डुण्डा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 85297-52314 व 70738-14456 से कॉल कर प्रार्थी को होम सिक्यूरिटी के नाम पर वाटसअप किया और शेयर बाजार में ट्रेडिंग कर 30 प्रतिशत मुनाफा कमाने का झांसा देकर 13 अलग-अलग खाते में 56 लाख 51 हजार की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार्यालय में झूठा प्रमाण पत्र किया पेश, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** हर घर जल जीवन मिशन के तहत निविदा के लिए झूठा प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरी मंगल सिंह 55 वर्ष रावतपुरा फेस 2 भाठागांव का रहने वाला है। प्रार्थी नीर भवन सिविल लाइन में कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विजय वी.सालेखु ने हर घर जल जीवन मिशन के तहत निविदा के लिए झूठा एवं फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुर्लिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुलिया से टकराई, दो की मौत, तीन घायल

**कोंडागांव (आरएनएस)।** नेशनल हाईवे 30 पर फरसगांव थाना क्षेत्र के बड़े मोड़ के पास एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें बेंगलुरू से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुलिया से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और घायल लोगों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से फरसगांव अस्पताल भेजा गया। हादसे में मरने वालों की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन यह बताया जा रहा है कि सभी लोग एक ही परिवार से हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ में पहली बार किन्नर बनी सरपंच, पंचायत चुनाव में हासिल की ऐतिहासिक जीत...

**मनेंद्रगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एक किन्नर सरपंच बनी है. राज्य में ऐसा पहली हुआ है जब कोई कोई किन्नर सरपंच बनी हो. किन्नर सोनू ने मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चनवारीडांड़ से सरपंच चुनी गईं है. थर्ड जेंडर सोनू उरांव ने बीजेपी-कांग्रेस के प्रत्याशी को हरा कर ग्राम पंचायत चनवारीडांड में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. उन्होंने पूर्व सरपंच गौरी सिंह को हराया है.चनवारीडांड ग्राम पंचायत में सरपंच के लिए 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे. जिसमे गौरी सिंह, किन्नर सोनू सिंह उरांव, कलावती पैकरा, शशिकला और मंगलवती सिंह मरावी शामिल थे.

# राजिम कुंभ कल्प में संत समागम का उद्घाटन

- मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह
- संतों की उपस्थिति से राजिम कुंभ कल्प का महत्व बढ़ा है - डॉ. सिंह

गरियाबंद । आरएनएस

तीर्थ नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में 21 फरवरी शुक्रवार को विराट संत समागम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मौजूद थे। संत समागम में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह सहित साधु संतों एवं महात्माओं ने मंच में स्थापित भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की। सभी ने भगवान राजीव लोचन से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज, महामंडलेश्वर मनमोहनदास महाराज, ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, संत द्वारकेश महाराज, संत गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार), महंत नरेन्द्रदास महाराज, स्वामी राजीव लोचनदास महाराज, रामबालक दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती सहित विशिष्ट साधु-संतों का सानिध्य एवं आशीर्वचन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि यहां पर हमें संतों के आशीर्वाद और उनका दर्शन लाभ मिल रहा है। डॉ. सिंह ने मंच पर ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि विराट संत समागम में संत छत्तीसगढ़ में मौजूद हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद राजिम पहुंचे हैं। हम प्रयागराज को यहां नहीं ला सकते है, लेकिन संतों की उपस्थिति से राजिम कुंभ कल्प का महत्व बढ़ा है। चित्रोत्पला का उल्लेख पुराणों में है। श्रृंगी ऋषि द्वारा महानदी का उद्गम हुआ। मेरे मुख्यमंत्रीत्व काल में 2005-06 में साधु-संतों की उपस्थित में राजिम में कुंभ का आयोजन करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं धन्यवाद देना चाहूंगा समस्त संतों को जिनकी जागृति से सनातन धर्म आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रयास होगा कि संतों को जो गौरवशाली स्थान रहा है उसे हम आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। आप सभी संत राजिम आते रहें और आपकी गरिमामय उपस्थिति में राजिम की शोभा बढ़ती रहे।

आचार्य महामंडलेश्व्र विशोकानंद महाराज ने छत्तीसगढिय़ा सबसे बढिय़ा का नारा दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का जन्म हुआ है, यहां अनेक मंदिर है। छत्तीसगढ़ सबसे बढिय़ा है क्योंकि भारत के अनेक राज्य जो नहीं कर सके वो कार्य इन्होंने किया है। छत्तीसगढ़ ने प्रयागराज को हाइजैक करके यहां ले आए। तीर्थ प्रयागराज छत्तीसगढ़ नहीं आ सकता पर छत्तीसगढिय़ों ने इन महात्माओं को जो तीर्थ प्रयागराज के प्रतिनिधि है उनको यहां पर विराजमान किया है।

महाराज जी ने कहा कि सरकार के प्रयास से यहां पर फिर से राजिम कुंभ प्रारंभ हुआ है। इसलिए हम यहां पर एक भावना करते हैं कि प्रयागराज में जो कुंभ स्नान करके पुण्य कमाया है उसका फल इस प्रदेश को भी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि आपको एक निश्छल मन से कह रहा हूं 1974 में पहला कुंभ मैं हरिद्वार किया था। 1988 में मैं महामंडलेश्वर बनकर के प्रयाग में कुंभ किया, जो अब 2025 तक किया। मेरे को वहां के 2025 के कुंभ से इतनी खुशी नहीं हुई जितनी अपने राजिम के 2025 के कुंभ से मेरा मन जो गदगद है। हमारी भावना है हमारे संतो की कुछ अपील है की राजिम में व्यवस्था के साथ संतों की धार्मिक स्थलों की शिक्षण स्थलों की व्यापक व्यवस्था हो जिससे कि इस कुंभ का स्वरूप और भी विराट गति को प्राप्त करें।

कार्यक्रम में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्षगण, रायपुर कमिश्नर महादेव कांवरे, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल विवेक आचार्य, गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, एसएसपी अजीत कुकरेजा, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा सहित बड़ी संख्या में साधु-संतों, विशिष्ट जनों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कैबिनेट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

रायपुर । आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा। इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 हेतु माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ रूपए की अनुमति का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने हेतु आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया गया।

## पारिवारिक विवाद को लेकर महिला ने पति पर किया चाकू से जानलेवा हमला

कोरबा । आरएनएस

गत गुरुवार शाम बालको थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई। सूचना के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने शराबी पति पर चाकू से हमला कर दिया। घटना बालको अस्पताल के पीछे हुई, जहाँ मौके पर घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित व्यक्ति शराब के आदी होने के कारण अपनी पत्नी के बीच तनाव और झगड़े का कारण बनते रहे थे। इसी के चलते दोनों के बीच अचानक बढ़ते विवाद में स्थिति हिंसक रूप ले गई। घटना के दौरान महिला ने चाकू से



हमला करते हुए पति पर वार किया, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित की हालत जानलेवा हो गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने संदिग्ध महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही, बालको थाना क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं को रोकने हेतु और कड़े कदम उठाने का संकेत भी दिया गया है।

# नक्सल इलाकों में हेलीकॉप्टर से रवाना हुए पोलिंग पार्टियां

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय चुनाव के दो चरण पूरे हो गए हैं. अब तीसरे चरण के लिए 23 फरवरी को वोटिंग होगी. सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनाव संपन्न कराने के लिए हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी भेजी गई हैं. इस इलाके के लोग गांव की सरकार चुनने के लिए वोट डालेंगे. त्रिस्तरीय पंचायत के तीसरे और अंतिम चरण के लिए कोंटा ब्लॉक में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. सुकमा जिले का ये ब्लॉक धुर नक्सल प्रभावित है. यहां चुनाव करवाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है. ऐसे में इस बार फिर से मतदान करवाने के लिए पोलिंग पार्टी को हेलीकॉप्टर से भेजा गया है. कोंटा के रिटर्निंग ऑफिसर गिरीश निंबालकर ने बताया कि नक्सल प्रभावित इलाके के 18 मतदान केंद्रों में हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी भेजी गई है. 23 फरवरी को कोंटा ब्लॉक में पंचायत चुनाव होना है. यहां ग्रामीण पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य और जिला पंचायत सदस्य चुनने के लिए वोट देंगे. क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर दो दिन पहले पोलिंग पार्टी रवाना की गई है. इस इलाके में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी 98 केंद्रों में, 22,794 विद्यार्थियों का हुआ पंजीकृत

- हायर सेकंडरी में 9,441 और हाईस्कूल में 13,353 विद्यार्थी शामिल

कोरबा । आरएनएस

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग ने जिले में तैयारी कर ली है। हायर सेकंडरी और हाई स्कूल परीक्षा में 22,794 विद्यार्थी पंजीकृत हुए हैं। इनमें हायर सेकेंडरी में 9,441 और हाईस्कूल में 13,353 विद्यार्थी हैं जो जिले के शासकीय, अशासकीय और निजी विद्यालयों से संबंधित हैं। कोरबा के जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि दोनों परीक्षा के लिए कोरबा जिले में कुल 98 केंद्र बनाए गए हैं। इस बार यह सभी केंद्र सामान्य श्रेणी के हैं और इनमें से कोई भी संवेदनशील नहीं है। वर्ष 2024 में बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी भी स्थान से नकल के कोई मामले सामने नहीं आए थे। इससे परीक्षा को आदर्श स्थिति में माना गया और इस आधार पर कोरबा में परीक्षा संपन्न करने के लिए सभी केदो को एक जैसी स्थिति में रखा गया है। हालांकि मापदंड के हिसाब से समय-समय पर परीक्षा के दौरान अधिकारियों के दल के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सके, इसके लिए पहले ही प्राचार्य और शिक्षकों को विधिवत निर्देश दिए गए थे। उनकी कार्यशाला भी लगाई गई और उसमें कई प्रकार से विचार विमर्श करते हुए कठिन विषयों से जुड़ी हुई परेशानी को दूर करने हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन शुरू की गई। अलग-अलग विषय से संबंधित कठिनाई और उसका निराकरण करने के लिए विद्यार्थी हेल्पलाइन से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में कोरबा जिले का परिणाम सुधारने के लिए हर संभव कोशिश की गई है और हम आशान्वित की वर्ष 2025 में यहां की तस्वीर बेहतर होगी।




# रायगढ़ पुलिस महिला सेल का सशक्त कदम : महिला, बच्चों की सुरक्षा पर जागरूकता अभियान जारी

रायगढ़

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में रायगढ़ पुलिस की महिला सेल द्वारा महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं डीएसपी उन्नति ठाकुर के निर्देशन में महिला सेल प्रभारी दीपिका निर्मलकर व उनकी टीम स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल एवं विभिन्न महिला कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

इसी कड़ी में आज शासकीय हाईस्कूल, रामभांठा में महिला सेल टीम ने एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता नीलिमा राजपूत सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकार, पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, नशे से बचाव, गुड टच-बेड टच, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, करियर मोटिवेशन और यातायात नियमों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "अभिव्यक्ति" ऐप के महत्व को रेखांकित करना था, जिसके तहत महिला सेल टीम ने इस ऐप की विशेषताओं और उपयोग की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। छात्र-छात्राओं को यह बताया गया कि कैसे इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाएं व बेटियां अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं। रायगढ़ पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान को स्थानीय स्तर पर सराहा जा रहा है, जिससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी बल्कि समाज में महिलाओं और युवतियों की आत्मनिर्भरता और जागरूकता भी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण एवं स्कूल स्टाफ के सदस्यगण भी मौजूद रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

रायपुर । आरएनएस

जानकारी के मुताबिक 21 दिसंबर 2024 को प्रार्थी कमल साहू पिता बालगोविंद साहू उम्र 22 साल निवासी मकान नंबर सी 8 राधा स्वामी नगर भाटागांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 दिसंबर 2024 को करीब 11:30 बजे अपने माता-पिता और पत्नी के साथ अपने गृहग्राम उरला दुर्ग गया था.जब वापस राधा स्वामी नगर स्थित अपने मकान में आया तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था. बेडरुम में गया तो देखा कि लाइट जल रही थी. कमरे में रखे लकड़ी की आलमारी का ताला टूटा हुआ था. अंदर का सामान बिखरा पड़ा था. आलमारी के दराज में रखे सोने चांदी के जेवर व नगदी रकम कुल जुमला 4,80,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया. इस रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ थाना पुरानी बस्ती में जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया. इस मामले की जांच के दौरान अज्ञात चोर के पता चला लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया. जहां पर महेंद्रा मजारों कार नम्बर 3877 पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूमते दिखे. कार नबर से वाहन स्वामी का निवास स्थान की जानकारी हासिल कर वाहन स्वामी के घर जाकर पता करने पर बताया कि की उसका ड्राइवर वाहन को लेकर गया था और पूछताछ पर पता चला कि ड्राइवर थाना डोंगरगढ़ के कोई मामला में केंद्रीय जेल राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में कैद है.

अदालत से आरोपियों का प्रोडक्शन वारंट हासिल कर थाना लाकर पूछताछ करने पर कुल 5 व्यक्ति एक राय होकर जुर्म करना कबूल किया व अन्य दो साथी केंद्रीय जेल नागपुर में कैद होना बताया. नागपुर जेल में कैद आरोपियों का भी प्रोडक्शन वारंट हासिल कर थाना लाकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर आरोपीगण को राजनांदगांव व नागपुर महाराष्ट्र के केंद्रीय जेल में कैद किया गया.

गिरफ्तार आरोपियों के नाम :

तन्मय मालेकर पिता विजय मालेकर उम्र 20 साल निवासी हावड़ा मेट गली नंबर 2 ओमकार नगर नागपुर थाना अजनी जिला नागपुर महाराष्ट्र

आकाश नोनकर पिता अरुण राव नोनकर उम्र 25 साल निवासी हुईक्रेश्वर/माडवीनगर चौक थाना जिला नागपुर महाराष्ट्र राजेश झोरिंग पिता रमेश झोरिंग उम्र 19 वर्ष निवासी रूही खैरी बूटी बेरी थाना बूटी बेरी जिला नागपुर महाराष्ट्र गिरफ्तारी 30 जनवरी 2025, मानव उर्फ मन्या पिता अशोक राव शेवारे उम्र 20 साल निवासी संघर्ष नगर चौक बुधविहार के पीछे पुलिस थाना वाठोडाजिला नागपुर महाराष्ट्र, समीर उर्फ गबया पिता शरद देशमुख उम्र 21 साल निवासी ग्राम महाबला तहसील थाना सेलू जिला वर्धा महाराष्ट्र।